(vi) तोड़ फोड़ . . . 1

(vii) कारण सिद्ध न हो सके . 1

(viii) अन्वेषणाधीन . . 10

सतना-रीवा प्रतापगढ़ तथा गुना-इटावा रेल मार्ग

1675. श्री प्यारेलाल खंडेलवाल : क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सतना-रीवा प्रतापगढ़ तथा गुना-इटावा रेलवे लाइनों के निर्माण कार्य में कितनी प्रगति हुई है,

(ख) इन दोनों रेल लाइनों के निर्माण के लिये कितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया है तथा अधिग्रहण की गयी भूमि के लिए कितना मुआवजा दिया गया है; और

(ग) क्या योजना आयोग ने उक्त रेलवे लाइनों को स्वीकृति दे दी है?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिन्धिया) : (क) सतना से रीवा और गुना से इटावा तक नयी लाइनों का निर्माण कार्य 1985-86 के बजट में शामिल किया गया था। सतना और रीवा के बीच अन्तिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। रीवा-गोविन्दगढ़ (न कि प्रतापगढ़) खण्ड पर अन्तिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण प्रगति पर है। गुना और इटावा के बीच की लाइन के लिए कार्य प्रथम चरण के रूप में गुना और शिवपुरी के बीच अन्तिम स्थान निर्धारण का कार्य शुरु कर दिया गया है।

(ख) अभी तक किसी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया है।

(ग) योजना आयोग इन परियोजनायों को 1985-86 के रेलवे बजट में शामिल करने के लिए अनन्तिम रूप से सहमत हो गया था। तथापि उनकी अन्तिम स्वीकृति की प्रतीक्षा है।

बीना रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं

1676. श्री प्यारेलाल खंडेलवाल : क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों के दौरान बीना रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में की गयी वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार पूछताछ काउंटरों विश्राम गृहों और बुकिंग कार्यालयों में दिन-रात की सेवा प्रदान करने और वहां पर महत्वपूर्ण तथा दुरवति वाली अप और डाउन रेल गाड़ियों में आरक्षण कोटे में वृद्धि करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिन्धिया) : (क) बुकिंग कार्यालय का विस्तार किया गया हैं, लम्बी दूरी की गाड़ियों को सम्हालने के लिए पटरी सतह तक एक यात्री प्लेटफार्म का विस्तार किया गया हैं और प्लेटफार्म नं० 2 पर खडंजा बिछाया गया है।

(ख) और (ग) एक पृथक पूछताछ एवं आरक्षण कार्यालय 9 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न तक कार्य कर रहा है शेष अवधि के दौरान उप स्टेशन अधीक्षक पूछताछ का कार्य देखते है। चौबीसों घंटे पूछताछ कार्यालय की व्यवस्था उन बड़े बड़े स्टेशनों पर की जाती है जहां यातायात भारी मात्रा में होता है। विश्राम कक्षों का औचित्य नहीं पाया गया है। बुकिंग कार्यालय की व्यवस्था है और यह चौबीसों घटे खुला रहता है। बीना स्टेशन पर 15 डाउन जी०टी० एक्सप्रैस में दूसरे दर्जे को दो सीटों के अतिरिक्त कोटे की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

Traffic on Air India

1677. SHRI KALPNATH RAI :-Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state :

(a) what was the target for growth of the traffic of Air India during the Sixth Five Year Plan ;